वोकेशनल कोर्सेज के मुद्दे पर हुई अहम बैठक

Photos: Kailash

एससीईआरटी में आयोजित मीटिंग में विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल

■ प्रमुख संवाददाता, गुड़गांव : एससीईआरटी (राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) में शुक्रवार दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर के 100 स्कूलों के प्रिंसिपलों व प्रतिनिधियों को वोकेशनल कोर्सेज के बारे में पूरी जानकारी दी गई। इन 100 स्कूलों में इसी सेशन से वोकेशनल कोर्स शुरू हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के पहले दिन 10 जिलों, जिनमें रोहतक, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, पलवल व फरीदाबाद शामिल रहे के 53 स्कूलों के प्रिंसिपलों ने हिस्सा लिया।